हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 14 अप्रैल 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्हीं हनुमान तुम्हारा ...

07 मिली इजाज़तःइस बार सिरोंज से हज यात्रा ...

खबर संक्षेप

मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज गंजबासौदा आएंगे

विदिशा। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सोमवार 14 अप्रैल को गंजबासौदा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री पटेल का प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार रविवार शाम 7 बजे विदिशा आगमन और रात्रि विश्राम करेंगे। आज सुबह 7.45 बजे विदिशा से प्रस्थान कर सुबह 8.20 बजे जनपद पंचायत गंजबासौदा की ग्राम पंचायत चक हिनौदा आगमन और पाराशरी नदी का उद्गम स्थल का भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रातः 8.50 बजे यहां से रवाना होकर सुबह 9 बजे गंजबासौदा के लाल पठार आगमन और डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 1.25 बजे यहां से रवाना होकर दोपहर 2.25 बजे विदिशा शहर के दातारविला में आगमन होगा।

अंबेडकर जयंती आज

विदिशा। मप्र अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ द्वारा संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर अहमदपुर चौराहे पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर सुबह 7:30 बजे माल्यार्पण किया जाएगा। अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष जेएन कंसोटिया के संदेश का वाचन भी किया जाएगा। भारत के लिखित संविधान के बारे में वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे। अजाक्स संघ ने कर्मचारी और छात्र-छात्राओं से सोमवार सुबह 7:30 बजे अहमदपुर चौराहे पर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

जल संरक्षण के लिए आओ मिलकर कार्य करें

विदिशा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की पहल पर जिले के सभी नागरिकों के द्वारा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जल संवर्धन को बढ़ावा देने के कृत्यों का संपादन किया जा रहा है। जिले के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले सरोवरों बाउवडी के साथ साथ जल स्त्रोतों को जल संरक्षण के कार्यों से फलीभूत हो रहा है। जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता निभा रहे हैं।

पहले चौपाल में चर्चा फिर जल संचय कार्य

विदिशा। ग्यारसपुर के सेक्टर ग्राम मणिपुर में शनिवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम चौपाल लगाई गई। चौपाल में पानी की समस्याओं पर चर्चा कर जल संरक्षण उसके उपाय एवं उपयोग पर चर्चा की गई और सभी समिति सदस्य ग्रामवासियों ने जल बचाओ के प्रति शपथ ग्रहण करने के बाद जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यो में सहभागिता निभाई है।

अचानक काले बादल छाए, बूंदाबांदी हुई

विदिशा। मौसम ने अचानक करवट ली है। अप्रैल के पहले सप्ताह में 42 डिग्री तक पहुंचा तापमान अब कम होने लगा है। रविवार को सुबह तेज धूप निकली। लेकिन दोपहर में आसमान में बादल छा गए। तेज हवाओं से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर के मुताबिक रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूर्वी हवाओं के कारण बादलों का डेरा जमा रहेगा। बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी मौसम विभाग ने गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है। यह स्थिति किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। समर्थन मूल्य पर चल रही खरीदी के दौरान खुले में रखे अनाज को नुकसान हो सकता है। मिर्जापुर कृषि उपज मंडी में व्यापारियों का खरीदा गया अनाज खुले में पड़ा है। बारिश होने से इस अनाज के खराब होने का जोखिम बना हुआ है। दोपहर तक तेज धूप होने के बाद शाम को अचानक से बदले मौसम के कारण व्यापारियों में चिंता है।

अपराध: मेडिकल कॉलेज के पीछे वाली सड़क पर फिर हुई वारदात

तीन अज्ञात बदमाशों ने अस्पताल के कर्मचारी पर तलवार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शनिवार की देर रात तीन अज्ञात बदमाशों ने मेडिकल कॉलेज की पीछे वाली सड़क पर जिला अस्पताल के कर्मचारी के सिर में तलवार मारकर उसे मौत के घाट उतारने का प्रयास किया। कर्मचारी की हालत नाजुक है और उसे भोपाल रेफर किया गया है।

55 वर्षीय रणधीर सिंह जिला अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारी हैं। रात 12 बजे वह इमरजेंसी ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहे थे। तभी तीन बदलाशों ने उन पर हमला कर दिया। हमले के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल रणधीर को उनके साथी प्रभात शर्मा जिला अस्पताल ले गए। जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें भोपाल के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। उनकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। हादसे के जानकारी लगने के बाद मेडिकल कॉलेज के पीछे पुलिस सक्रिय हो गई। इस मार्ग पर रात में सुनसान और अंधेरा होने के कारण यहा आए दिन वारदातें होती रहती हैं। जबकि यह वीआईपी मार्ग है। क्योंकि कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारी यहीं से गुजरते हैं। रात में यह रास्ता सुनसान हो जाता है और आपराधिक व्यक्तियों के खड़े होने का अड्डा बन जाता है।

मार्ग पर अक्सर होती हैं आपराधिक घटनाएं

अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि इस मार्ग पर सरकारी कार्यालय, खेल स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, केंद्रीय स्कूल और गर्ल्स कॉलेज स्थित हैं। यहां पहले भी कई आपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं। महिलाओं और छात्राओं के साथ छेड़छाड़, चेन स्नैचिंग और कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

पड़ोसी ने महिला व बच्चों को पीटा, बेटे-बेटियों की हड्डियां टूटीं

ग्यारसपुर। ग्राम मानोरा चक्क में 10 अप्रैल की सुबह 8 बजे एक महिला और उसके बच्चों पर जानलेवा हमला हुआ था। लीलाबाई अहिरवार ने बताया कि पड़ोसी अन्नू उर्फ अरुण अहिरवार ने रंजिश में उसके घर के सामने गंदा पानी फेंका। मना करने पर गालियां दीं और डंडा लेकर घर में घुस आया। लीलाबाई के साथ मारपीट की। बाएं हाथ की उंगली में गंभीर चोट आई। बाल पकड़कर घसीटते हुए बाहर लाया और जमीन पर पटककर बेरहमी से पीटा। दाहिने पैर, कंधे, गाले और छाती में चोटें आईं। सिर से खून बहा। कंधे की हड्डी टूट गई। हमले में अन्नू के पिता तुलाराम, भाई राजपाल, पत्नी विनिता और राजपाल की पत्नी द्रोपदी भी शामिल थीं। सभी ने मिलकर डंडों से पीटा। आरोपी कह रहे थे कि लीलाबाई को जिंदा नहीं छोड़ना है। शोर सुनकर लीलाबाई का 15 साल का बेटा अनीष और बेटियां रेशमा (18) व राधिका (15) बचाने आए।

राजपाल ने अनीष को डंडे से मारा, जिससे उसकी हाथ की हड्डी टूट गई। रेशमा और राधिका को विनिता और द्रोपदी ने पकड़ लिया। अरुण और राजपाल ने दोनों को डंडों से मारा। दोनों के हाथ की दो-दो जगह से हड्डियां टूट गईं। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग, लीलाबाई के सास-ससुर और पति मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर लीलाबाई और बच्चों को बचाया। जाते-जाते आरोपी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भागे। घटना की रिपोर्ट ग्यारसपुर थाने में दर्ज हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लीलाबाई ने मांग की है कि आरोपियों पर जान से मारने की कोशिश और घर में घुसकर मारपीट करने की धाराएं जोड़ी जाएं। साथ ही आरोपियों द्वारा झूठे केस में फंसाने की धमकी देने की जांच कर कार्रवाई की जाए। लीलाबाई ने निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह का तबादला, अंशुल गुप्ता बने नए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र में 9 आईएएस अफसरों के तबादले हुए हैं। इनमें अशोकनगर, उज्जैन, विदिशा, हरदा के कलेक्टर बदले गए हैं। उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह को अपर सचिव बनाया गया है। वहीं विदिशा कलेक्टर को रौशन सिंह को उज्जैन कलेक्टर बनाया गया है। रौशन कुमार सिंह इससे पहले उज्जैन नगर निगम कमिश्नर के पद पर रह चुके हैं। रौशन कुमार सिंह 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे मुरैना जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। इसके बाद उन्हें 2022 में उज्जैन नगर निगम कमिश्नर पद पर पदस्थ किया था। यहां से उन्हें भोपाल जनसंपर्क और फिर विदिशा कलेक्टर बनाया गया था। संचालक जनसंपर्क आईएएस 2016 अंशुल गुप्ता को कलेक्टर विदिशा बनाया गया है।

रौशन कुमार सिंह

अंशुल गुप्ता विदिशा नवागत कलेक्टर

हम्मालों ने लोडिंग अनलोडिंग बंद की मंडी में कल बंद रहेगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

श्रमिक हम्माल यूनियन द्वारा अचानक माल की लोडिंग - अनलोडिंग नहीं किए जाने के कारण 15 अप्रैल दिन मंगलवार को कृषि उपज मंडी विदिशा में नीलामी कार्य बंद रखा रहेगा। संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने कहा कि किसानों द्वारा खरीदी गई उपज मंडी में फडों पर खुले में पड़ी है। मंगलवार को व्यापारी अपने माल की लोडिंग-अनलोडिंग करने के बाद ही बुधवार को कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज खरीदेंगे।

चोरों ने एसी का आउटर और तांबे के पाइप चुराए

जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था फेल, सीसीटीवी फुटेज से जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला चिकित्सालय में चोरों ने एसी का आउटर और तांबे के पाइप चुरा लिए। चोरी का पता एसी के काम न करने पर चला। अस्पताल के आरएमओ डॉक्टर पीसी माझी ने बताया कि अस्पताल के बाहर सड़क पर अस्थाई दुकानें हैं। इन दुकानों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। कई दुकानें रात भर खुली रहती हैं।

सीसीटीवी फुटेज की जांच का आश्वासन

अस्पताल प्रबंधन ने इस मामले में कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अस्पताल प्रबंधन पहले से ही इस समस्या को लेकर सचेत था। उन्होंने नगरपालिका और जिला प्रशासन को कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र लिखे। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राय ने सीसीटीवी फुटेज की जांच का आश्वासन दिया है। नगर पालिका अधिकारी दुर्गेश सिंह के अनुसार इस सड़क से पहले भी अतिक्रमण हटाया गया था। लेकिन लोग दोबारा अतिक्रमण कर लेते हैं। अब प्रशासन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा।

गांवों में जाकर कर रही धरती व गोमाता पूजन

कुरवाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ग्राम विकास गतिविधि की ओर से देश में 30 मार्च से 30 अप्रैल तक चलने वाला यह अभियान कुरवाई खंड में भी अनवरत रूप से चलाया जा रहा है। कुरवाई के खंड संयोजक रामपाल दांगी ने बताया कि कुरवाई के लगभग 100 ग्रामों में इस अभियान को करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि विदिशा विभाग के सहसंयोजक जितेन्द्र सिंह दांगी (गिटोला) इस अभियान में पूरे समय हमारे साथ अल्पकालीन विस्तारक के रूप में रहने वाले हैं। अभियान के निमित्त हम टोली के रूप में ग्राम - ग्राम में जाकर धरती माता पूजन,गौमाता पूजन करते हैं व ग्रामीणों को गौ आधारित कृषि, जैविक कृषि अपनाने का महत्व बताते हैं। साथ ही रासायनिक उर्वरकों, रासायनिक कीटनाशकों से होने वाली हानियों से भी लोगों को अवगत किया जा रहा है।

गुरुद्वारे में अखंड पाठ और कीर्तन हुआ

सभी समाज के लोगों ने लिया लंगर में हिस्सा, मनाया बैसाखी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिख समाज ने बैसाखी का पावन पर्व उत्साह से मनाया। स्थानीय गुरुद्वारे में सुबह से शाम तक धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अरदास से हुई। इसके बाद दोपहर तक कीर्तन का आयोजन हुआ। गुरुद्वारे को आकर्षक तरीके से सजाया गया था।

समाज के सदस्यों ने कई दिनों से इस उत्सव की तैयारियां की थीं। इस अवसर पर अखंड पाठ का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ अरदास की। पंजाबी धर्मशाला में सामूहिक लंगर का आयोजन हुआ। सभी समाजों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सिख समाज के प्रतिनिधियों ने बैसाखी के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि 1699 में पंजाब के अनंतपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना हुई। दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह ने इसकी स्थापना की थी। बैसाखी पंजाब में गेहूं की कटाई के मौसम की शुरुआत का प्रतीक भी है। इस दिन सिख समाज के लोग भांगड़ा नृत्य करके खुशियां मनाते हैं।

विधायक प्रीमियर लीग में रघुवंशी सुपर किंग को हराकर माहेश्वरी रॉयल्स ने 2 विकेट से जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विधायक प्रीमियर लीग का दूसरा मुकाबला रात 10 बजे से रघुवंशी सुपर किंग और महेश्वरी रॉयल्स के मध्य खेला गया।

रघुवंशी सुपर किंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की बल्लेबाजी करते हुए 17.2 ओवर में 97 रन ही बनाए। जिसमें चंदू ने 4 बॉल में 5 रन, गौरव रघुवंशी ने 10 बॉल में 10 रन, सिद्धांत सोनी ने 15 बॉल में 10 रन, सोमिल रघुवंशी ने 29 बॉल में 21 रन, मोहित रघुवंशी ने 19 बॉल में 15 रनो का योगदान दिया। माहेश्वरी रॉयल्स ने शानदार बॉलिंग का नजारा दिखाया। जिसमें सुजल पासी ने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए,नीरज मीना ने 2.2 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट लिया, सौरभ सिंह ने 4 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट लिए। सागर चौरसिया में 3 ओवर 20 रन देकर 1 विकेट लिए, नवीन मलिक ने 2 ओवर में 13 रन देकर 1 विकेट लिया। माहेश्वरी रॉयल्स 97 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.2 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाए और 2 विकेट से जीत दर्ज की। जिसमें नीरज मीना ने 30 बॉल में 29 रन,सोनू ने 8 बॉल में 5 रन, हर्षित शर्मा ने 16 बॉल में 7 रन,अभिषेक ने 22 बॉल में 20 रन, कप्तान सागर चौरसिया ने 22 बॉल में 20 रनों का योगदान दिया।

विदिशा। अपनी टीम के लिए रन बटोरने का प्रयास करते हुए खिलाड़ी।

जल गंगा संवर्धन अभियान में जुटे हाथ

विदिशा। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए सभी अपने अपने स्तर पर दायित्वों का निर्वाहन करें के संदेश पहुंचाने के सफल प्रयास परलिक्षित हो रहें हैं। जन अभियान परिषद जन कल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा सिरोंज एवं प्रस्फुटन समिति पारधा द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पारधा की प्राचीन बाबड़ी मे साफ सफाई की गई है। बाबड़ी के अंदर पानी मे पॉलीथिन, सूखे पत्ते, लकड़ियां यदि को बाहर निकालने के श्रमदान में 10 लोगों की भागीदारी रही। आज केबल बाबड़ी के अंदर सफाई की गई। अभी बाबड़ी के बाहर एवं अंदर जाने बाले रास्ता की सफाई बांकी है। जिसमें मिट्टी एवं झाड़ियां हैं। जिस की साफ-सफाई शीघ्र ही की जाएगी इसका संकल्प भी सफाई के दौरान लोगों द्वारा लिया गया।

कार्रवाईः वनमाफिया के कब्जे से एक बाइक सहित दो सागौन सिल्ली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

वन क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान वन विभाग टीम ने एक होंडा साइन मोटरसाइकिल पर ले जा रही दो सागौन की इमारती लकड़ी जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी शमशाबाद संगीता अमलताश ने बताया कि नियमित रात्रि गश्त के दौरान झगरी मनाखेड़ी रोड पर वन स्टाफ ने मोटरसाइकिल पर ले जा रही दो नग सागौन चरपट लकड़ी जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

टीम में डिप्टी रेंजर सैयद नजीर हुसैन,वनपाल महेश विश्वकर्मा, वन रक्षक रामरुचि शर्मा, चंद्रभान विश्वकर्मा कोमल भिलाला शामिल थे।

शमशाबाद के दयानंदपुर में भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन हुआ

कार्यकर्ता सम्मेलन में तीन सत्रों में हुई चर्चा, प्रथम सत्र में भाजपा की रीति-नीति पर विचार रखे गए

विधायक ने कहा: कार्यकर्ताओं के चरण पड़ने से मेरा घर और कर्मभूमि दोनों धन्य हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा के निवास पर भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में संगठन की विचारधारा एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर तीन सत्रों में विस्तार से चर्चा की गई।

प्रथम सत्र में भाजपा की रीति-नीति पर विचार रखे गए। जिसमें अध्यक्षता वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह बघेल ने की और मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव रहे। द्वितीय सत्र में मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं विषय पर संवाद हुआ। अध्यक्षता बदन सिंह रघुवंशी और वक्तव्य वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार गुप्ता ने दिया। तृतीय सत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं पर सारगर्भित चर्चा हुई। इस सत्र की अध्यक्षता स्वयं विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने की और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी मुख्य वक्ता रहे। समापन पर विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मुझे एक वोट से नहीं, विश्वास से सेवा का अवसर दिया है। यह सेवा सिर्फ पांच वर्षों की नहीं, बल्कि जीवनभर की होगी। आज कार्यकर्ताओं के चरण पड़ने से मेरा निवास, मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमि दोनों धन्य हो गई हैं।

विदिशा। विधायक के निवास पर सम्मेलन में बड़ी सख्या में पहुंचे कार्यकर्ता।

टूर्नामेंट में 32 टीम भाग लेंगी

शहीद राजेंद्र सिंह राजपूत ओपन क्रिकेट टूनामेंट का मोहनपुरा ग्राउंड पर पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया

शमशाबाद। समाजसेवी संस्था युवा मंच द्वारा शहीद राजेंद्र सिंह राजपूत ओपन क्रिकेट टूनामेंट का मोहनपुरा ग्राउंड पर शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट में विधानसभा क्षेत्र की 32 टीम भाग ले रही हैं। मैच का पहला मुकाबला जटपुरा 11 एवं बमौरी 11 के बीच हुआ जो बड़ा ही रोमांचक मुकाबला हुआ इस मैच में बमौरी ने टॉस जीता एवं पहले गेंदबाजी का करने का निर्णय लिया। जिसमें जटपुरा ने 8 ओवर में 107 रन बनाए। बमौरी की टीम 8 ओवर में 53 रन ही बना सकी। जटपुरा की टीम 54 रन से विजयी हुई। मैच में डोगर सिंह गुर्जर ने 73 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरा मैच विवेकानंद स्कूल व बिछिया टीम के बीच हुआ जिसमें बिछिया टीम विजयी हुई।

खबर संक्षेप

भास्कर दुबे कोषाध्यक्ष बने

गंजबासौदा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी कान्ति देव सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक हरि सिंह रघुवंशी की सहमति से भारतीय जनता पार्टी सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा ने भास्कर दुबे को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। भास्कर दुबे पूर्व में बजरंग दल संयोजक एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा में पूर्व में मीडिया प्रभारी जैसी जवाबदारियों का सफल निर्वहन कर चुके हैं। श्री दुबे की सफल कार्यशैली को देखते हुए पार्टी ने शदुबे को भारतीय जनता पार्टी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके शुभचिंतकों ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में अनिरुद्ध दुबे, शैलेंद्र प्रजापति, सुमित तिवारी, रजत रघुवंशी, ऋषि ओझा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

काव्य संगोष्ठी आयोजित

गंजबासौदा। शिवरतन सुमन के निवास पर भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर विचार संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्यकार संघ के समस्त सृजनशील रचनाकारों ने वंचितों को उनका हक दिलाने वाले एवं सदी के महानायक बाबा साहब अंबेडकर जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद करते हुए विचार संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी में रचना पाठ किया। रविवार की रात्रि 8 बजे आयोजित की गई इस गोष्ठी का आयोजन शिव रतन सुमन के निवास पर किया गया और गोष्ठी के सहयोगी साहित्यकार संघ गंजबासौदा के प्रदेश संयोजक चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य रहे।

अमानक दवा से फसल तबाह रिपोर्ट के आदेश

सागर। रहली में 32 किसानों की गेहूं की फसल में खरपतवार नाशक दवा से नुकसान होने से दवा विक्रेता पर कलेक्टर संदीप जी आर ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। मेसर्स श्री आदि एग्रो केमिकल एण्ड फर्टिलाइजर, रहली जिला सागर प्रो. अभय जैन ने निर्माता कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड विपणनकर्ता सफायर क्रॉप साइंस प्रा.लि. द्वारा कृषकों को गेहूं में खरपतवार नाशक दवा विक्रय की थी। जिससे रहली विकासखण्ड के 32 कृषकों द्वारा फसल नष्ट होने की शिकायत दर्ज करायी गई है। उक्त शिकायत के आधार पर कृषि विभाग की संयुक्त टीम (अनुविभागीय कृषि अधिकारी रहली, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रहली सहित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक) द्वारा जांच की गई है। 80-90 प्रतिशत फसल में नुकसान होना पाया गया है।

तिवारी बहनों की भव्य भजन संध्या में जमकर थिरके श्रोता और श्रद्धालु

कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्हीं हनुमान तुम्हारा क्या कहना....

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

हनुमान प्रकटोत्सव के मौके पर वार्ड 13 चक्क स्वरूप नगर गंगा गार्डन स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित हुई भजन संध्या में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। जिसमें श्रद्धालु अपने आप को थिरकने से रोक नहीं सके।

भोपाल नजीराबाद से आईं श्रद्धा और श्रेया तिवारी बहनों सहित स्थानीय कलाकारों ने भी देर रात तक भजनों से समा बांध दिया। इससे पूर्व वहीं मंदिर के भक्तों द्वारा ध्वज यात्रा गाजे बाजे के साथ रथ में सजी हनुमान जी की झांकी नगर में निकाली गई। परिसर में प्रकट उत्सव के मौके पर आयोजित हुई अखंड रामायण पाठ के समापन पर हवन आयोजित हुआ उसके पश्चात विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। हनुमान जी के पूजन अर्चन के लिए मंदिर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। चक्क स्वरूप नगर के प्राचीन मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव की विशेष धूम रही। हनुमान भक्तों ने उत्साह और उमंग साथ हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया। मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि जन्म उत्सव के मौके पर हनुमान जी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया।

मंदिर तक जाने वाले मार्ग सहित अंदर परिसर की भव्य सजावट की गई थी। शाम के समय मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें भोपाल नजीराबाद की श्रेया एवं श्रद्धा तिवारी बहनों द्वारा जब हनुमान जी के कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्हीं हो, हनुमान तुम्हारा क्या कहना, तेरी शक्ति का क्या कहना, तेरी भक्ति का क्या कहना सहित अन्य भजनों की जोरदार प्रस्तुति दी तो उपस्थित भक्त भी भक्ति के रंग में रंग गए। तिवारी बहनों के अलावा स्थानीय भजन गायक लखन महाराज, भागवताचार्य डॉ अमृता करूणेश्वरी, कान्हा भैया एवं अनिल झा ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इस भजन संध्या में बालाजी महाराज, भगवान राम जी, राधा कृष्ण एवं खाटू श्यामजी के चर्चित भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। भजन सुनकर श्रद्धालु जम कर झूमने लगे। मंदिर परिसर में मौजूद हजारों की संख्या में हनुमान भक्त भजनों की मस्ती में नाचते और आनंद मनाते हुए दिखाई दिए। भजन संध्या में मौजूद महामंडलेश्वर गंगादास महाराज, विशाल वैष्णव सहित गायक कलाकारों का सोनू मित्तल द्वारा पुष्पहारों से सम्मान किया गया। भजन संध्या रात 1 बजे तक चलती रही। जिसमें हजारों श्रद्धालु देर रात तक मौजूद रहे।

श्रम मंत्री करेंगे सामूहिक श्रमदान में भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर पालिका द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 14 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से पलोड पेट्रोल पंप के पास पारासरी नदी में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी करेंगे और विशेष अतिथि के रूप में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू रघुवंशी मौजूद रहेंगी। पंचतत्व संरक्षण समिति ने समस्त नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

उधर भाजपा नगर मंडल एवं जनपद पंचायत द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल का आगमन सोमवार को सुबह नगर में हो रहा है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर वे भारत रत्न, संविधान निर्माता श्रद्धेय बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत परिसर में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन में भी शामिल होंगे और विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगवान सिंह एवं भाजपा नगर मंडल ने सभी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पंचतत्व अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, कप्तान सिंह यादव, अनुज यादव आदि ने भोपाल पहुंचकर मंत्री प्रहलाद पटेल को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था। जिस पर उन्होंने सहमति दी थी।

विधायक और नपाध्यक्ष ने किया पहलवानों का सम्मान, मुरादपुर धाम के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गत दिवस हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विजय टॉकीज के पास श्री बजरंग व्यायाम शाला में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा नेता राजेश तिवारी ने शामिल होकर पहलवानों का उत्साह वर्धन किया। साथ ही कुश्ती प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले पहलवानों को पुरस्कृत भी किया।

उधर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नगर में श्री हनुमान प्रकटोत्सव के दौरान आयोजित चल समारोह में सहभागिता की। जबकि देर रात क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान धाम मुरादपुर धाम पहुंचकर वहां श्री हनुमान जी के दर्शन किए और महंत से आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर उनके साथ जनपद सदस्य अमृतांशु यादव भी मौजूद

सेवा भारती ने किया भजन मंडली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सेवा भारती गंज बासौदा ने सेवा बस्तियो की महिलाओ की भजन मण्डली के बीच प्रतियोगिता आयोजित की। जिसका शुभारंभ विभाग संचालक सुरेश देव, सेवा भारती जिलाध्यक्ष राजेश माधुर द्वारा किया गया। विगत कई वर्षों सेवा भारती द्वारा नगर मे संस्कार केन्द्रों के माध्यम से सेवा बस्तियों में भजन मण्डली का संचालन ,निवेदिता भारती का संचालन किया जा रहा है। इससे सेवा मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार एवं अभिभावको के बीच भजन मण्डली के माध्यम से समरसता का भाव जागृत किया जा रहा है। कार्यक्रम में गंज बासोदा की 7 विदिशा की 5 सिरोज की 3 भजन मंडलियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान बक्सरिया भजन मण्डली विदिशा,द्वितीय स्थान सरस्वती नगर गंजबासौदा, तृतीय कनैया खेड़ा भजन मंडली विदिशा को मिला। इन सभी भजन मंडलियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल रहीं सभी भजन मंडलीयों को भी सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा सभी भजन मण्डलियों को भजन सामग्री प्रदान करने की घोषणा की गई। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सेवा भारती जिला अध्यक्ष राजेश माथुर, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी, कु सोना सप्रे, शशी राकेश शर्मा, गिरीश गुरनानी,विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, नगर सचिव मंयक टॉक, वर्षा अग्रवाल, सुशीला ठाकुर, राजवाला वघेल सहित माताएं बहने मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मौजूद रहे। अंत में सभी का आभार सावन अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

शराब के नशे में पटाखा की आवाज वाली बुलेट चला रहा था, पकड़ा गया

गंजबासौदा। त्योंदा पुलिस द्वारा गत दिवस पटाखे जैसी आवाज वाले साइलेंसर की बिना नंबर मोटरसाइकिल के चालक को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा। पुलिस ने बताया कि एसपी रोहित काशवानी, एएसपी डॉ. श्री प्रशांत चौबे के निर्देशन एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सतत चालानी कार्रवाई की जा रही। इसी क्रम में गत दिवस तेज पटाखे जैसी आवाज करती बुलेट मोटर साइकिल जब कस्बा त्योंदा में कई बार निकली तो उसे थाने के सामने रोक कर चेक किया गया। जिसमें चालक मौके पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित कोई भी दस्तावेज वाहन के संबंध में प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही उसके मुंह से शराब की गंध आने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया और वाहन का उपयुक्त धाराओं में चालान किया गया। चालक को नोटिस तामील करवा कर न्यायालय के समक्ष वाहन के कागजात प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ जमानत/मुचलके पर मुक्त किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ प्रआर उदय जकाते, आरक्षक छबिराम त्यागी, महेंद्र ठाकुर,अनिल ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

नदी से श्रमदानियों ने निकाला दो ट्रॉली कचरा

श्रमदान अभियान 4.0 का 30वां चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बेतवा नदी की गोद में रविवार को तीसवां श्रमदान चरण न केवल श्रम का, बल्कि एक गंभीर चेतावनी का दिन भी बन गया। श्रमदान के दौरान घाट किनारे और प्रवाह क्षेत्र से मिले दर्जनों मृत जलीय जीव, जिनमें मछलियाँ, केकड़े और दो रसैल वाइपर प्रजाति के सर्प शामिल थे, इस बात का प्रमाण हैं कि नदी अब दम तोड़ रही है। कचरे के ढेर में दम तोड़ती 'मां वेत्रवती' को पिछले कुछ दिनों में नवरात्रि, राम नवमी और जवारे विसर्जन जैसे धार्मिक अनुष्ठानों ने कचरे से पाट दिया।

प्लास्टिक की बोतलें, पॉलिथीन, धार्मिक झंडे, कपड़े और कर्मकांडों से निकले अवशिष्ट पदार्थ, सब कुछ इस जीवनदायिनी धारा में फेंक दिया गया। बिना यह सोचे कि मां गंदगी कैसे सह पाएगी?श्रमदान दल के सदस्यों ने तीन घंटे की मेहनत में लगभग दो ट्रॉली कचरा घाट से बाहर निकाला। एक बार फिर, बिना किसी शिकायत के, सिर्फ प्रकृति के लिए मां बेतवा के लिए। सरकार का जल गंगा संवर्धन अभियानः उद्देश्य या औपचारिकता? श्रमदान दल के सदस्यों का कहना है कि विडंबना यह है कि एक ओर सरकार 'जल गंगा संवर्धन' जैसे अभियानों में करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, तो दूसरी ओर नदी में कचरा डालने वाले सोर्सेस को रोकने के लिए कोई योजना नज़र नहीं आती। यह सही समय है प्रश्न पूछने का कि क्या ये अभियान सिर्फ कागज़ी हैं?क्या इनका मकसद सिर्फ प्रचार है या वास्तव में नदी को बचाना? जब तक प्रदूषण के स्रोतों की पहचान और उनका स्थायी समाधान नहीं खोजा जाएगा, तब तक ऐसे अभियान सिर्फ औपचारिकता रहेंगे। श्रमदान दल में योगेंद्र माझी, राहुल कलवा, दीपेश शर्मा, राकेश रघुवंशी, रुद्रांश सिंह, नीरज साहू, आकाश जैन, अरनब रघुवंशी ने श्रम, समय का दान देकर समाज को एक संदेश दिया कि अगर अब हम नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियाँ प्यास से तड़पेंगी।

जलियांवाला कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के द्वारा जलियांवाला हत्याकांड की बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय सचिव दीपक तिवारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि जलियांवाला बाग हत्याकांड भारत के पंजाब प्रांत की अमृतसर मैं स्वर्ण मंदिर के पास स्थित जलियांवाला बाग में 13 अप्रैल 1919 को बैसाखी के दिन हुआ था। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए रोलेट एक्ट का विरोध करने के लिए नागरिकों की एक बडी सभा जलियांवाला बाग में हो रही थी, जिसमें जनरल डायर नामक एक अंग्रेज अफसर ने बिना कारण निहत्थे लोगों पर गोलियां चलवा दी थीं। जिसमें 400 से अधिक लोगों की जान गई और 2000 लोग घायल हुए थे। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश फैल गया था। इस घटनाक्रम के दौरान वहीं मौजूद आजादी के एक दीवाने क्रांतिकारी उधम सिंह ने वहां की खून सनी मिट्टी उठाकर कसम खाई थी कि इस घटना का बदला लिया जाएगा और उन्होंने कुछ समय बाद लंदन में जाकर जनरल डायर को गोलियों से भून दिया था। डॉ अशोक रोहिले ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नरेंद्र जैन, अजय सिंह ठाकुर,अभिषेक जैन, पूर्व पार्षद विजय यादव, प्रदीप सेन, हर प्रसाद जोगी, कैलाश नेमा उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

अयोध्या बस्ती में लगा ईकेबाईसी शिविर

सिरोंज। समग्र आईडी में आधार कार्ड की ईकेबायसी के लिए नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 21 में शिविर का आयोजन किया गया। अयोध्या बस्ती में आयोजित निःशुल्क शिविर में ईकेबायसी करवाने के लिए काफी संख्या में हितग्राहियों का जमाबड़ा उमड़ा। इस मौके पर नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि शासन की मंशा एवं विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देश पर हमने सभी वार्डो में ईकेबायसी करवाने के लिए शिविर आयोजित कर रहे हैं। आज वार्ड क्रमांक 21 से इस शिविर का शुभारंभ हुआ है। आगे भी सभी वार्डो में आम जनता के हित में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर हेतु नागरिकों को जानकारी देने के लिए नगर पालिका द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार कर एवं कर्मचारियों द्वारा घर घर पहुंचकर हितग्राहियों को शिविर स्थल बुलाने की व्यवस्था नपा प्रबंधन द्वारा की गई है। इस अवसर पर भाजपा नेता सचिन शर्मा सहित नपा के कर्मचारी मौजूद रहें।

मिली इजाज़त:इस बार सिरोंज से हज यात्रा पर जाएंगे 86 हज यात्री

जिला हज कमेटी ट्रेनर जुनैद खान ने जयपुर पहुंचकर हज यात्रा के दौरान यात्रियों को पवित्र शहर मक्का मदीना में रुकने के लिए ली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज से हज यात्रा पर जाने वाले हाजियो को हज यात्रा 2025 के दौरान टोंक रुबात में रुकने के इजाज़त नामे लेने जिला हज कमेटी बारा के सदस्य इक़बाल बुलंद। मध्यप्रदेश प्रदेश हज कमेटी के ज़लिा विदिशा के हज ट्रेनर एडवोकेट जुनैद खान ने जयपुर जाकर टोंक स्टेट के साहबज़ादे जनाब अफ्फु साहब जनाब राहिल साहब से मुलाक़ात कर हज यात्रा के दौरान पवित्र शहर मक्का, मदीना में रुकने के इजाज़त ली। जिससे सिरोंज लटेरी के हाजी मक्का मदीना में टोंक रुबात में रुक सकेंगे।

जिन लोगों को मक्का की रुबात मिली है उनके लगभग 52 हजार रूपये व जिन लोगो मदीने की मिली है उनको लगभग 28 हज़ार रूपये ओर जिनको दोनों जगह की मिली है उनको लगभग 80 हज़ार रूपये की एक हाजी को बचत होंगी। इस बार सिरोंज से लगभग 86 हाजी हज यात्रा पर जा रहे है। सिरोंज के 19 हाजियो को मक्का की ओर बाक़ी सभी हाजियो को मदीने की ओर छबड़ा के सभी 6 हाजियो को दोनों जगह की रुबाते मिली है।

गौरतलब है कि सिरोंज आजादी से पूर्व टोंक स्टेट का परगना ज़लिा था। टोंक के स्टेट के नवाबो ने सऊदी अरब में रुबाते धर्मशाला बनवाई थी। जिसमे टोंक स्टेट से जाने वाले हाजियो को हज यात्रा के दौरान रूबातो के निर्माण से लेकर सन 2018 तक स्थान मिलता रहा। 2018 के बाद पहली बार सिरोंज के हाजियो को रुबात में रुकने का मौक़ा मिला है। इस दौरान इस साल हज पर जाने वाले हाजी मुशताक़ खान,हाजी फैजूल ने नवाब खानदान का शुक्रिया अदा किया और उम्मीद जताई कि अगले साल सिरोंज के सभी हाजियो को दोनों जगह रुबात में रुकने का मौक़ा मिलेगा

100 साल पहले बेगमों ने बनवाई थी रुबातें

सऊदी अरब में करीब 100 साल पहले टोंक की बैगमात ने रुबातें यानी की धर्मशालाएं बनवाई थी। जहां पर ठहरने के लिए टॉक सहित देश के हाजियों को निशुल्क इजाजत दी जाती है। कोरोना के बाद गत - वर्ष रुवातों की इजाजत नामों के लिए आवेदन भरे गए तथा इजाजत भी जारी हुई। सऊदी अरब में रुबातों में ठहरने की इजाजत नहीं मिल सकी। इससे करीब 70 हजार की आर्थिक सहूलियत से हज यात्री वंचित रहे। अब इस बार भी ये मिलेगी या नहीं इस पर संशय बना हुआ है। इस संबंध में मदीना के इजाजत नामे जारी करने वाले सा. राहिल का कहना है कि अभी तक अनुमति नहीं मिली है। लेकिन एक दो रोज़ में मिलने की उम्मीद है। उसके बार रजिस्ट्रेशन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

यह है रुबातों का इतिहास

सऊदी अरब के मक्का शरीफ में नवाब इब्राहिम अली खां की बेगम मलका फिरदौस जमानी बेगम 1894 में हज के लिए गई थी। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय नियम कानून के तहत आवश्यक प्रक्रिया शुरू की तथा 1910 में वहां पर रुबात बनवाई। उस समय उसमें करीब 40 लोगों के ठहरने की व्यवस्था थी। ये रुवाते हरम शरीफ के बेहद करीब थी। 1993 में इन रुबातों की नई तामीर हुई। इसमें 280 लोगों के ठहरने की व्यवस्था हो गई। उसके बाद नई रुबातों में करीब 400 हाजियों के ठहरने की व्यवस्था हुई। मक्का में वक्फ खलीलुज्जमानी बेगम है, जो 1925 के करीब बनाई गई। इसी प्रकार मदीना में 5 रुबातें बनाई गई। इसमें जब ये रुबातें बनाई गई थी, तब 80 लोगों के ठहरने की व्यवस्था थी, लेकिन बाद में करीब 13 सौ लोगों के ठहरने की व्यवस्था हो गई। ये रुबाते 1925 के आसपास बनी बताई जाती है।

ब्राह्मण समाज सागर की मातृशक्ति वाहन रैली और शोभायात्रा में होंगी शामिल

सागर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की जिलाअध्यक्ष सुश्री दीपा तिवारी की अध्यक्षता में, होटल आशीर्वाद में ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति की बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें 29 अप्रैल अक्षय तृतीय की पूर्व संध्या पर वाहन रैली एवं 30 अप्रैल भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव शोभायात्रा एवं वाहन रैली में शहर की विप्र महिलाओं को बड़ी संख्या में शामिल करने की रणनीति तय की गई । विप्र मातृशक्ति वाहन रैली में खुली जीप व स्कूटर पर पीली साड़ी पगड़ी की भेषभूषा में सम्मिलित होकर भगवान परशुराम के जयकारा का उद्घोष करेंगी। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी ने मौजूद विप्र शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि अब ब्राह्मण बच्चों को वैदिक संस्कार व सनातन संस्कृति पर चलने की शिक्षा प्रदान करे ताकि विप्र बच्चे देश का सुनहरा एवं सुरक्षित भविष्य बन सके। युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. भारत तिवारी ने भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर आयोजित वाहन रैली व शोभायात्रा के संचालन एवं तैयारियों की जानकारी देते हुए विप्र मातृशक्ति से आयोजन में शामिल होने की अपील की। रेणु शुक्ला ने जरूरत मंद विप्र बच्चों को निःशुल्क शिक्षा व कोचिंग खोले जाने की बात रखी। डिग्री कॉलेज जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मनीषा मिश्रा ने समाज की सभी महिलाओं को संगठन की सभी गतिविधियों में बढ़चढकर भागीदारी लेने की बात रखी । बैठक में विप्र महिलाओं ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए शहर के प्रत्येक वार्ड में महिला विप्र ईकाई गठित करने का निर्णय लिया। शीघ्र ही जिला शहर व ग्रामीण ईकाई की घोषणा की जाएगी। बैठक में संध्या मिश्रा, प्रीति शर्मा, ऋतु तिवारी, संघ मिश्रा, वंदना दुबे, ऊषा गोस्वामी, आस्था मिश्रा, सीमा तिवारी, मेघा मिश्रा, रश्मि दुबे सहित बड़ी संख्या में विप्र महिला मौजूद रही ।

बिरसा मुंडा एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का उठाएं लाभ

सागर। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) वर्ग के लिए स्वरोजगार योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके तहत भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 1 लाख से 50 लाख रूपए तक का ऋण एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से 1 लाख रूपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। अधिकतम 7 वर्षों तक मोरेटोरियम अवधि सहित भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए 50 लाख रूपए तक तथा सेवा, व्यवसाय गतिविधियों के लिए 25 लाख रूपए एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार से 1 लाख तक की रोजगारमूलक योजना परियोजनाएं स्वीकृत करने का प्रावधान है।

जब भी मैं विद्यार्थियों को वर्दी में देखता हूं तो मेरा रोम-रोम हो जाता है पुलकित : विधायक शैलेंद्र

सागर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में 11 एमपी बटालियन के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी मैं विद्यार्थियों को वर्दी में देखता हूं तो मेरा रोम रोम पुलकित हो जाता है। देश प्रेम व देश सेवा का जज्बा इन विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन में ही प्राप्त हो रहा है जो आगे चलकर सीमाओं की रक्षा के काम में आएगा। महाविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि राजपथ पर महाविद्यालय के विद्यार्थी श्रेयांश ने कदमताल किया है साथ ही पीटीसी ग्राउंड परेड पर भी महाविद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एनसीसी कैडेटों को विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा सम्मानित किया गया । छात्रों द्वारा कुछ किए गए कार्य छात्र सीनियर अंडर ऑफिसर श्रेयांश राय के द्वारा रिपब्लिक डे कैंप 2025 मे एनसीसी के प्लाटून में इन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और फायरिंग में नेशनल लेवल तक के कंपटीशन मैं हिस्सा लिया। सीनियर अंडर ऑफिसर कपिल यादव इन्होंने अप्रैल-मई 2024 में नेहरू इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी से बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स अल्फा ग्रेड के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण किया जिसमें 15300 फीट हुर्रा टॉप पर तिरंगा लहराया।

संत कंवरराम जयंती पर विधायक जैन ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

सागर। संत कंवरराम वार्ड सागर में आयोजित भगत श्री कंवरराम जी की जन्म जयंती पर भोग साहब एवं पूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने उपस्थित होकर उनका पूजन किया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी को जन्म जयंती की शुभकामनाएं दीं । इसमें पार्षद कैलाश हसानी, सुरेश हसरेजा, मनोज चौरसिया, कपिल नाहर एवं समाज के अन्य बंधु उपस्थित रहे।

छींदधाम में हजारों श्रद्धालुओं के साथ मंत्री तथा पूर्व मंत्री ने लगाई हाजरी

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शनिवार को हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर छींदधाम में सुबह से रात्रि तक लगातार 50 हजार हनुमान भक्तों द्वारा हनुमान दद्दा के पूर्ण वैभव और श्रंगार के साथ दर्शन किए। प्रसाद चढाया आरती की। अनेक भक्त हनुमान चालीसा, सुन्दरकांड का पाठ करने के साथ भंडारे कराने भी सक्रिय बने रहे।

छींद धाम में हनुमान भक्तों का रेला बना रहा। सडक़े, प्रांगण ढसाढस बने रहे वही दूसरी ओर प्रदेश के मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री ठा. रामपाल सिंह राजपूत, जिले के कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, एसपी पंकज पांडे, एडीजे, कथा व्यास साध्वी प्रज्ञा भारती, संजय मसानी, निखिल गुप्ता, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय सहित अन्य प्रमुख गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति बनी रही। सभी का छींदधाम मंदिर समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी छींदधाम सेवक द्वारा स्वागत सत्कार किया जाता रहा।

भजनों पर भाव विभोर हुए श्रोता

हनुमान जयन्ती के पावन पर्व पर मंदिर समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। बम्बई के प्रसिद्ध भजन गायक संजय शुक्ला एवं गायिका कृतिका मालवीय इटारसी द्वारा हनुमान जी भक्ति महिमा पर आधारित धार्मिक भजनो की संगीत टीम के साथ घंटो प्रस्तुतियां दी गई। भजन संध्या में ग्रामीणे क्षेत्र के साथ दूर-दूर से आए हनुमान भक्तों की भारी उपस्थिति रही। हनुमान जी की भक्ति में डूबे श्रोता भाव विभोर होकर नाचते झूमते रहे।

प्रमुख मार्गों पर निकली शोभायात्रा

बजरंग दल, विहिप व हिउस ने श्रीहनुमान जन्मोत्सव मनाया

◆ शोभायात्रा में विशाल प्रतिमा के साथ घोडे, ऊंट भी हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सभी के कष्टो को हरने वाले पवनपुत्र हनुमान जी के जन्मोत्सव पर बजरंग दल, विहिप, हिउस एवं धार्मिक, सामाजिक संगठनो द्वारा संयुक्त रूप से नगर के प्रमुख मार्गो पर हनुमान जी की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे, बैंड, बाजो के धार्मिक हनुमान भक्ति के भजनो पर युवाओं की टोलियां नृत्य करती साथ चलती रही।

स्थान-स्थान पर स्वागत पूजन - रामलीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर से हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। बडा बाजार, शक्तिधाम मंदिर, टाकीज चौराहा, मुख्य मार्गो से निकली शोभायात्रा

का स्थान-स्थान पर धार्मिक श्रद्धालुओं, हनुमान जी के भक्तों द्वारा जोरदार स्वागत और हनुमान जी की पूजन आरती की जाती रही।

शोभायात्रा में केशरियां ध्वज पताकाओं के साथ ध्वज वाहक घोडे, रथ, ऊंट, और हनुमान जी की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभायात्रा में बजरंग दल, विहिप, हिउस के पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में सदस्य, नगर के युवाओं, हनुमान भक्तों एवं ग्रामीणो की उपस्थिति रही। निकली शोभायात्रा का प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ।

नगर के बीचोंबीच से निकली मुख्य सड़क का हटाया गया अतिक्रमण

नपं. कर रही चौड़ीकरण कार्य, आवागमन में होगी सुविधा

इनका कहना है

अतिक्रमण और जाम लगने से लोगो को राहत मिलेगी। वही जल भराव की स्थिति न बने इसके लिए सडक़ चौडीकरण का कार्य किया जा रहा है।

- हरिशंकर वर्मा, सीएमओ नपं. बरेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले दिनो नगर के विभिन्न हिस्सो के साथ नगर के बीचो बीच से निकली मुख्य सडक़ के दौनो ओर हुए अतिक्रमण को हटाया गया।

अब नपं. द्वारा शा. बालक हा.से. स्कूल की ओर बने फुटपाथ को हटा कर सडक़ का चौडीकरण कार्य किया जा रहा है। फुटपाथ पैदल चलने वालो के लिए था, परंतु दुकानें लगी रहने से पैदल चलने और वाहन चालक अत्याधिक परेशान बने रहते थे।

सड़क होगी चौडी, पानी की होगी निकासी

बारिश के दिनों मे मुख्य सडक पर पानी भरा रहने की विकराल और जोखिम भरी स्थिति बनती थी। फुटपाथ को तोडने और बडी नाली तक सीसी सडक का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। सडक के दूसरी ओर भी कही पक्की सीढियों का अतिक्रमण नाली पर होने से पानी की निकासी और नाली की साफ सफाई सही ढंग से नहीं हो पाती है। दीनदयान परिसर चौराहे से कब्रिस्तान चौराहे तक मुख्य सडक पर बारिश के दिनो में जल भराव की मुख्य समस्या रहती है। इस समस्या का स्थाई समाधान जरूरी है।

अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों की तैयारियां हुई शुरू

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत ग्राम मांगरोल, शोकलपुर पर होगे सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत क्षेत्र के दो स्थानों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 30 अप्रैल को किया जाएगा। जिसमें बरेली तहसील के मांगरोल नर्मदा तट पर एवं उदयपुरा क्षेत्र के समीपस्थ हनुमान तिगड्डा नीलकुंड घाट शोकलपुर ग्राम पंचायत रिछावर में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि 15 अप्रैल 2025 एवं आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2025 तक है। जिसमें ऑफलाइन एवं विवाह पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भी

कर सकते हैं। सामुहिक विवाह सम्मेलन में पात्रता के मापदण्ड इस प्रकार हैं। वधु के अभिभावक मध्य प्रदेश के मूल निवासी होना चाहिए वर बधु द्वारा विवाह करने के लिए निर्धारित आयु पूर्ण कर ली हो।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सहायता राशि वधू के बैंक अकाउंट में सहायता के रूप में 49000 भेट दी जाएगी।

सरकारी रिकार्ड में दर्ज तालाब उपेक्षा से बने कूडादान, तालाबों पर अतिक्रमण की खेती

जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति ग्रापं. जिम्मेदार अधिकारी उदासीन

◆ जागरूकता अभियान साफ सफाई गहरीकरण जल संरचनाओं के निर्माण के प्रति उदासीनता का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

30 मार्च से 30 जून तक प्रदेश की सरकार द्वारा जल गंगा संर्वधन अभियान चलाया जाना है। जिनमें तालाबों, कुंआ, बाबडी की साफ सफाई, गहरीकरण, जीर्णोद्धार और वर्षा जल को रोकने जल संरचनाओं का निर्माण के साथ विभिन्न स्तरों पर जागरूकता और जन भागीदारी से कार्यो को प्राथमिकता दी जाना है।

अभियान शुरू हुए 15 दिन हो गए परंतु जल गंगा संर्वधन अभियान के प्रति ग्रापं., नगरीय निकायों और अभियान को सफल बनाने जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता बनी नजर आ रही है। बने अमृत सरोवर सूख चुके है। बारना की नहरों में पानी बंद हो जाने से क्षेत्र के नदी नाले सूखने और रेत दिखलाई देने लगी है।

बाड़ी जनपद जिसके अंतर्गत बरेली और बाड़ी तहसीलों के लगभग सवा दौ सौ ग्राम और 106 ग्रापं. है। पूर्व से ही ग्रापं. में लगभग 100 तालाब राजस्व विभाग के रिकार्ड में

दर्ज है। लगभग 50 तालाब बडे है।

इतना ही नहीं एक एक ग्रापं. में एक नहीं दो-तीन भी तालाब है। इन तालाबों की निरंतर उपेक्षा बनी रहने से अब अधिकांश तालाब पानी विहीन, कूडादान, गंदगी, गोबर, कचरा इत्यादि से लवरेज नजर आने के साथ कीटपतंग इत्यादि पैदा होने की खान बन गए है।

तालाबों पर अतिक्रमण

कभी गांव के तालाब उस ग्राम की शान होने के साथ ग्रामीणों के लिए अति उपयोगी हुआ करते थे। इसी प्रकार गांव-गांव में कुंआ, बाबड़ी, ग्रामीणो की जलापूर्ति के प्रमुख माध्यम हुआ करते थे। अधिकांश तालाबों की भूमियो पर अतिक्रमण, अवैध कब्जा और मकान बना लिए जाने से अब दर्जनों ग्रापं. में तालाब के नाम पर सिर्फ डबरा डबरी बारिश में भर जाने की स्थिति रहती है।

गहरीकरण साफ सफाई के प्रति उदासीनता

जनपद क्षेत्र की प्रत्येक ग्रापं. में पुराने कुंआ और बाबडी के साथ लगभग 100 तालाब है। इसी के साथ दर्जनों ग्राम नदियो नालो के किनारे बसे हुए है। बारिश और जब बारना की नहरे चलती है, नदी नालों में भरपूर पानी रहता है। गर्मी में सूख जाते है। वही दूसरी ओर कुंआ बाबडी की साफ सफाई के प्रति बनी उदासीनता और ग्रामों के तालाबों में कचरा, गोबर, गंदगी डाले जाने से गहराई कम होने के साथ पानी भी प्रदूषित बना रहता है। जल गंगा संर्वधन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैला कर कुंओ, बाबडी की सफाई तालाबों का विभिन्न मद से राशि खर्च कर यदि गहरीकरण, साफ सफाई के कार्य जन भागीदारी और ग्रापं. के माध्यम से प्रारंभ हो जाए तो ग्रामों का गिरता भू-जल स्तर थम जाने के साथ तालाबों कुंओ का सौंदर्यकरण कर उन्हे ग्रामीणो के लिए बहु उपयोगी भी बना जा सकता है।

जरूरत है, कि जिम्मेदार अधिकारी, सरपंच, जनपद सदस्य ग्रामीणों के बीच ही बैठ कर पुराने तालाबों, कुंआ, बाबडी नदी नालो के जीर्णोद्धार की कार्य योजना बनाये और संभावित नई जल संरचनाओं के निर्माण से बेकार बह जाने वाले वर्षा जल को रोकने का प्रयास करें। इसीलिए कहा है कि जल है तो कल है। पानी की बचत जरूरी और भू-जल स्तर भी बढाना जरूरी है।

अलग-अलग दो अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

पत्नी को प्रेमी के साथ अपत्तिजनक हाल में देखा था, इसलिए की हत्या

अवैध संबंध आगे चल कर मौत का कारण बनते ही है, इसमें कोई दोहराय नहीं है। ऐसा हम नहीं कह रहे, आये दिन सामने आ रहे मामले बता रहे है। ऐसा ही एक मामला जिले के औबेदुल्लागंज क्षेत्र में सामने आया, जहां एक युवक ने अपनी ही पत्नी के किसी दूसरे व्यक्ति से अवैध होने की जानकारी मिलने पर वह आग बबूला हो गया और उसके सिर पर खून सवार हो गया। युवक ने पहले पूरी योजना तैयार की, उसके बाद एक एक कर के कड़ी जोड़ता गया और पत्नी के आशिक को मौत के घाट उतार दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के ओबेदुल्लागंज अंतर्गत ग्राम आशापुरी में हुए अंधे हत्यांकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए प्रेस कॉफ्रेंस आयोजित की।

एसपी पंकज पांडेय ने प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि ओबेदुल्लागंज थाने के तहत आशापुरी निवासी 50 वर्षीय हरिनारायण भोई उर्फ हरिया पिता परम भाई का शमशान घाट के पास नग्न अवस्था में शव पड़ा मिला, उसके चेहरे पर चोट के निशान भी पाए गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 194 बीएनएस का मामला दर्ज किया। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मृतक की हत्या की हर एक पहलू की जानकारी अधिकारियों को दी गई।

अंधेकत्ल को गंभीरता से देखते हुए एसपी पंकज पांडे द्वारा तत्काल संज्ञान में लिया और आरोपी की गिरफ्तारी की योजना बनाई।

एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में औबेदुल्लागंज की एसडीओपी शीला सुराणा थाना प्रभारी बीपी सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। मर्ग की जांच उपरांत पीएम रिपोर्ट और जांच में आए तथ्यों से मृतक हरि नारायण भोई उर्फ हरिया के शरीर में मारपीट से आई चोटों की वजह से मौत होना बताया गया। जिस पर अपराध धारा 103, 238 बीएनएस का केस दर्ज किया गया।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

आरोपी को गिरफ्तार करने में एसडीओपी शीला सुराणा थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह, उप निरीक्षक वैष्णवी जैन, हेड कांस्टेबल भोजराज सिंह सुनील पठारिया राजेश देशमुख धनराज यादव बलवान सिंह,आरक्षक रोहित यादव सौरभ दोहरे, शुभम यादव की विशेष भूमिका रही।

पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने पर की हत्या

विवेचना के दौरान बताया गया कि मृतक को 20 वर्षीय पवन वाल्मीकि के साथ आखरी बार देखा गया था। पवन से पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि कि मृतक हरिनारायण भोई उर्फ हरिया को पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने पर उसके साथ मारपीट कर हत्या करना कबूल किया।

आरोपी पवन वाल्मीक पिता स्वर्गीय केशोराम ग्राम आशापुरी थाना ओबेदुल्लागंज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

लिव इन पार्टनर की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

जिले के मंडीदीप में 8 अप्रैल को बंद कमरे में हाथ पैर बंदी महिला की लाश के मामले में पुलिस ने आरोपी हाथरस उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। महिला करीब 1 साल से लिव इन में आरोपी के साथ किराए के कमरे में रह रही थी। आरोपी ने पुलिस को बताया महिला उससे शराब पीकर आए दिन लड़ाई झगड़ा करती थी इसी वजह से उसने गला दबाकर हत्या की। गला दबाते समय महिला झटपटने लगी और नीचे गिरी तो कमरे में लगे एक पत्थर से उसका सिर टकरा गया जिससे खून निकलने लगा था इसके बाद आरोपी ने महिला के दोनों हाथ और पैर एक रस्सी से बांधकर कमरे में ताला लगाकर फरार हो गया था।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि मंडीदीप के वार्ड 14 में अशोक परमार के मकान में किराए से लिव इन में आरोपी कृष्ण शर्मा के साथ रह रही महिला किरण डागौर कि उसके साथ में रहने वाले युवक ने 5 अप्रैल गला दबाकर हत्या की उसके बाद हाथ पैर रस्सी से बांधकर कमरे में ताला लगाकर फरार हो गया था और उसने खुद फोन पर मकान मालिक उसको जानकारी दी कि मैं महिला की हत्या कर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो महिला की लाश पड़ी थी जिसके हाथ पर एक रस्सी से बंधे थे। उसकी पहचान किरण डागौर के रूप में हुई।

होटल अमोघ में कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस...

रोजगार सबमिट मीट सिर्फ एक 'छलावा' : शैलेंद्र पटेल

खास बातें

- स्थानीय मुद्दों और जनसमस्याओं को लेकर भाजपा के नेताओं तथा जनप्रतिनिधियों पर खड़े किए कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रायसेन के कई युवा पढ़े-लिखे और टेक्निकल ज्ञान होने के बावजूद भी बेरोजगार जैसी समस्या से परेशान है उन्हें रोजगार के कोई साधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। बल्कि सत्ताधारी सरकार के नेता जनप्रतिनिधि मजे में है और बेरोजगार नौकरी की तलाश में दर-दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर हैं। मोहन सरकार का रोजगार सबमिट मीट सिर्फ एक बेरोजगार युवाओं के लिए छलावा है। यह बात रविवार को दोपहर होटल अमोघ में जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल ने कहीं।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेंद्र पटेल, डॉ जीसी गौतम, सिद्धार्थ मौर्य, सह संगठन प्रभारी विष्णु विश्वकर्मा जिला मीडिया प्रभारी जावेद अहमद खान जितेंद्र मिश्रा आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

उन्होंने आगे कहा कि वैसे ही मध्यप्रदेश का रायसेन जिला अत्यधिक पिछड़ों में गिना जाता है या शिक्षित बेरोजगारों की भरमार है लेकिन उन्हें रोजगार की कोई साधन उपलब्ध नहीं है शासकीय अधिकारी कर्मचारी भी यहां रहना पसंद नहीं करते बल्कि भोपाल से विदिशा से अपडाउन करते हैं जबकि रायसेन जिला विश्व धरोहर सांची भीमबेटका, भोजपुर शिव मंदिर जैसे पर्यटन स्थल मौजूद है। इसके बावजूद भी सत्ताधारी सरकार के जन्म प्रतिनिधियों की उदासीनता और अनदेखी की वजह से युवाओं को बेरोजगारी की मार झेलना पड़ रही है।

इससे साफ जाहिर होता है की सरकारों की कहीं ना कहीं सिस्टम में कमजोरी है। जबकि रायसेन जिला राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का प्रतिनिधित्व का क्षेत्र है।

स्वास्थ्य कर्मियों का शोषण...

जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल ने आगे कहा कि रायसेन जिले के स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल में सफाई कर्मियों के साथ लगातार शोषण और अत्याचार हो रहा है जिला कांग्रेस कमेटी ने इसमें गहरी नाराजगी जताई है उन्होंने बताया कि मार्च 2024 में बिना अवकाश के 30 दिन कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी गैरतगंज, बरेली, सिलवानी, देवरी, उदयपुरा और सांची ब्लॉक के स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों से मार्च में पूरे 31 दिन काम कराया गया। इसमें एक भी साप्ताहिक अवकाश नहीं मिला यह न केवल श्रम कानून का उल्लंघन है रसोई घर के कर्मचारी को वेतन ठेके पर ठेकेदार से मिल रहा है। उनसे काम तो पूरा लिया जा रहा है। लेकिन कलेक्ट्रेट रेट के रुपए अधिकारी और ठेकेदार मिलजुलकर हजम कर रहे हैं।

खबर संक्षेप

यादव नियुक्त किए भाजपा सलामतपुर मंडल के मंत्री

सलामतपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की सहमति से मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल ने सलामतपुर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 कार्यालय मंत्री, 1 मीडिया प्रभारी और 1 सहायक मीडिया प्रभारी को शामिल किया । नगर के संजीव यादव को मंडल मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर शेर सिंह राजपूत, विमल जैन, रातातलाई सरपंच रघुवीर सिंह मीणा, दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, बल्लभदास अग्रवाल, किशन मीणा, पं अशोक त्रिपाठी, कप्तान सिंह, नीतेश जैन, रवि अग्रवाल, रूपेश यादव सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है। वहीं मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा, आप सभी संगठन की रीढ़ हैं। पार्टी की नीतियों और विचारों को जनता तक पहुंचाना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। नवनियुक्त मंडल मंत्री संजीव यादव ने जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा और मंडल अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि में दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का हिस्सा हूं। पार्टी के सिद्धांतों पर चलते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर काम करना मेरा कर्तव्य रहेगा। और वह अपनी पूरी ऊर्जा के साथ संगठन को ऊंचाइयों तक ले जाने में योगदान देंगे।

हनुमान जन्मोत्सव के चल समारोह का 21वें वर्ष रहा हनुमान भक्तों में जुनून

आकर्षक निकली शोभा यात्रा ऊंट, घोड़े, बैंड, ताशे, कलाकारों का मनमोहक चित्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में भजन संध्या हनुमान चालीसा भक्ति दर्शन संत आशीर्वाद कार्यक्रम दिन भर चलते रहे प्रातः काल से ही हनुमान मंदिरों में हनुमान भक्तों का दर्शन करने का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा नगर का प्रसिद्ध श्री हनुमान जन्मोत्सव चल समारोह का विशाल आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चल समारोह में व्यापक स्वरूप दिया गया चल समारोह प्रसिद्ध बालाजी धाम से पूजन उपरांत विशाल समूह में चल समारोह निकाला गया 4 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बिंदु थे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की आकर्षक प्रतिमा राम रसिया हनुमान की मनमोहक प्रतिमा जो चल समारोह में आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी थी। बालाजी धाम से सनातन धर्म की रीति रिवाज के उपरांत चल समारोह निकाला गया बग्गी, ऊंट ,डीजे, बैंड, बाजे की धुन सुनाई दे रही थी जबलपुर की पवन पुत्र हनुमान के कलाकार के स्वरूप के दर्शन करने के लिए लोग उत्सुकत दिखाई दे रहे थे उज्जैन की प्रसिद्ध ताशे हर कोई को अपनी और आकर्षित कर रहे थे लगातार नगर में 21 वर्षों से हनुमान सेवा समिति के आयोजक

राकेश वर्मा एडवोकेट फैंस क्लब द्वारा हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है हर वर्ष समिति आयोजन को व्यापक रूप देती जा रही है 4 किलोमीटर लंबी यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से निकली यहां पर जगह-जगह पर पुष्प वर्षा तिलक आरती भक्त कर रहे थे । जगह-जगह समिति द्वारा जलपान मीठा पान एवं पप्रसादी वितरण की समिति के लोगों द्वारा एवं नगर की लोगों द्वारा व्यवस्था की गई थी लगभग 4 से 5 घंटे चले इस महा समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे समापन प्रसिद्ध नावघाट हनुमान मंदिर पर किया गया यहां पर महाप्रसादी अमृत प्रसाद का वितरण किया गया । हनुमान जन्मोत्सव पर आज पूरा नगर और नगर के संपूर्ण रास्ते चल समारोह के वास्ते नजर आ रहे थे।

पुलिस ने वाहन चेकिंग में बनाए 8 चालान, चालकों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित धोलाघाट हनुमान मंदिर दीवानगंज चौकी के सामने रविवार को पुलिस द्वारा चालान काटे गए। सीट बेल्ट ना बांधने वाली गाड़ियों की चेकिंग की गई। साथ ही टू व्हीलर चालकों द्वारा हेलमेट न पहनने पर भी चेकिंग की गई। जिसमें कई वाहन चालकों के चालान भी काटे गए।

चौकी प्रभारी वरुण सक्सेना ने बताया कि कई गाड़ियों को रोक कर चेक की गई। जिनमें एक फोर व्हीलर वाहन पर नंबर प्लेट ना होने पर चालान काटा तथा 7 बाइक वालों का चालन बनाया गया। जिससे समन शुल्क 2600 सौ रुपए वसूल हुआ। भोपाल विदिशा हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगती हुई नजर आई, जिसमें 8 चालान बनाए गए। चेकिंग होने से आने-जाने वाले राहगीर काफी परेशान होते रहे। कई बाइक चालक इधर-उधर से निकलने की जुगाड़ करते रहे। मगर पुलिस ने किसी को भी नहीं बक्शा।

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान में सीट बेल्ट न बांधने वाले वाहन चालकों को पुलिस द्वारा यातायात नियम और सीट बेल्ट बांधने की नसीहत दी गई।

इस दौरान कई वाहन चालको की पुलिस से नोक झोंक भी हुई मगर पुलिस वालों ने किसी की भी नहीं सुनी और चालान काटे गए। बता दे की पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की जाती है। इसके बावजूद बाइक चालक हेलमेट नहीं लगते हैं जिससे उनको जान का खतरा बना रहता है।

मंच से विधायक डॉ चौधरी ने दोनों हाथ जोड़ कर सम्मान के साथ माना सबका आभार

सांची विधानसभा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को दोपहर साँची विधानसभा के बीजेपी विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा श्रीराम परिसर रायसेन मे आयोजित सांची विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी बोले पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ और जान होते। इसीलिए मैं यह संकल्प लेता हूं कि आपके स्वाभिमान और मनोबल पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। इसके लिए मुझे कितनी भी कुर्बानी देना पड़े।इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारियों, देव तुल्य कार्यकर्ताओ का स्नेह पकी तारीफ करते हुए उनका सम्मान भी किया।

आपने विषम परिस्थितियों में भी पार्टी की लाज रखते हुए हमेशा दो कदम आगे बढ़कर मेरा जीत के लिए सहयोग किया। आपका यही प्यार और विश्वास मेरी और भारतीय जनता पार्टी की

ताक़त है। सम्मान समारोह में बीजेपी अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, जनपद अध्यक्ष सांची अर्चना सुनील पोर्ते, एस मुनियन, हेमलता रघुवंशी, भैय्या लाल कुशवाहा, प्रदीप दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष राकेश तोमर, जनपद अध्यक्ष गैरतगंज विजय पटेल, मलखान सिंह मीणा, डॉ मनमोहन चौकसे, गंगाराम चौकसे, वीर सिंह पटेल, राजेश पंथी पहलवान, अनिल चौरसिया, दीपक पंड्या, दीपक रघुवंशी, आदित्य शर्मा सहिज अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्कूल चलें हम अभियान के तहत के शिक्षक घर जाकर पालकों को कर रहे जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही शासकीय स्कूलो में शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रारंभ हो गई है। प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूल चले हम अभियान भीसंचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के तहत नगर की सरकारी शैक्षणिक संस्था पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नगर में घर घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत संस्था के शिक्षक नगर में डोर टू डोर जाकर पालको से संपर्क उन्हे अपने बच्चो को पीएमश्री विद्यालय सहित सरकारी स्कूलो में प्रवेश दिलाने का आग्रह कर रहे है। इसके अतिरिक्त सरकारी स्कूलो में प्रवेश लेने पर प्रदेश सरकार की विभागीय योजनाओ का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। वर्ष भर शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश अनुसार विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों बेहतर ढंग से आयोजित की जा रही है।

जुलाई में नहीं होंगे शुभ कार्य, अप्रैल तथा जून में 33 मुहूर्त

आज से शुरू होंगे मांगलिक कार्य, 10 जून तक होंगे विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

लग्न, विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत जैसे सभी शुभ कार्यों का शुभारंभ आज से फिर शुरू हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि एक माह से रुके सभी मांगलिक कार्यों की आगाज हो जाएगा। देवगुरु बृहस्पति (गुरु) भी 14 मई को रात 9:21 बजे वृषभ राशि से मिथुन राशि में गोचर करेंगे। हालांकि पंचांगों में भिन्नता के चलते कुछ-पंचांग यह परिवर्तन 9 मई को मानते हैं लेकिन इस वर्ष विवाह की राह में एक बाधा भी है, देवगुरु बृहस्पति 10 जून से अस्त हो जाएंगे, जिससे 10 जून के बाद शादी-ब्याह और अन्य मांगलिक कार्यों पर फिर से रोक लग जाएगी। जुलाई में कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं रहेगा।

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार जब सूर्य मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक, मकर और कुंभ राशियों में होता है, तब मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश किए जा सकते हैं। वर के लिए सूर्य और वधु के लिए गुरु देखे जाते हैं, जिन वर वधुओं की कुंडली में सूर्य में सूर्य और गुरु की स्थिति 4, 8 या 12 भाव में थी उनके लिए भी अब शुभ समय शुरू हो रहा है। उन्होंने बताया कि जब गुरु या शुक्र अस्त हो जाते हैं तब मांगलिक कार्यों पर प्रतिबंध लग जाता है। इस वर्ष 10 जून से गुरु अस्त हो जाएंगे जिससे विवाह, गृह, प्रवेश, यज्ञोपवीत, मुंडन आदि सभी कार्य बंद हो जाएंगे।

जुलाई में भी शुभ कार्यक्रम नहीं होंगे। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा, एकल और सामूहिक विवाह समारोहों की धूम रहेगी। 14 जून को गुरु अस्त हो जाएंगे, परन्तु इस बीच कुछ अबूझ मुहूर्त मुहूर्त जैसे जानकी नवमी, वैशाखी पूर्णिमा 12 मई, गंगा दशमी 5 जून और भड़ल्या नवमी 4 जुलाई पर मांगलिक कार्य संभव रहेंगे।

बाजार में शुरू हो गई रौनक, शादियों की हो रही खरीदारी

- शादी के सीजन में बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। कपड़े, बाइक,साड़ी, ब्यूटी पार्लर,फूल-माला, इलेक्ट्रॉनिक और ज्वैलरी की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी है। व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं।

इन तारीखों को शहनाई

- 14, 16, 18, 19, 20, 25, 29, 30 अप्रैल 5, 6, 7, 13, 28 मई और 1, 2, 4, 7, 9, 10 जून को शादी का मुहूर्त रहेगा।

नव संवत्सर के पहले चरण में रहेंगे 22 शुभ मुहूर्त

सोमवार से नगर में विवाह समारोह की शुरुआत हो जाएगी। नव संवत्सर के बाद वैवाहिक आयोजनों का पहला चरण 14 अप्रैल से शुरू होगा यह चरण 6 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान कुल 22 शुभ मुहूर्त रहेंगे। इनमें 5 अबूझ मुहूर्त भी है। सबसे बड़ा अबूझ मुहूर्त 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर रहेगा। इस दिन शहर और अंचलों में एकल विवाह के साथ कई समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन भी होंगे। इससे मीन मलमास समाप्त हो जाएगा। इसी के साथ मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी।और नए कार्यों की शुरुआत इसी अवधि में होगी। उन्होंने बताया विवाह का पहला मुहूर्त 14 अप्रैल को रहेगा। अंतिम मुहूर्त 10 जून को होगा। इसके बाद देव शयनी एकादशी से चार महीने तक मांगलिक कार्य बंद रहेंगे। मैरिज लॉन पहले ही बुक हो चुके हैं।